प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

20.08.2024 **1800बजे**

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि बदलते जलवायु परिवर्तन के दृष्टिगत किसानों के लिए आय के वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध करवाए जाने चाहिए। उन्होने प्रदेश में आलू पर आधारित उद्योग स्थापित करने पर भी जोर दिया। राज्यपाल आज शिमला स्थित केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के 76वें स्थापना दिवस के मौक पर आयोजित समारोह का सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि देश की बढ़ती आबादी के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बागवानी फसलों का विविधिकरण और उपयोग महत्वपूर्ण रणनीति साबित हो सकती है। राज्यपाल ने कहा कि आलू भारत की प्रमुख सब्जी फसल है जो कुल सब्जी उत्पादन में लगभग 28 प्रतिशत का योगदान देता है। उन्होंने कहा कि आलू का अच्छी गुणवत्ता वाला रोग मुक्त बीज हिमाचल में पैदा होता है जिसकी पूरे देश में मांग है उन्होंने आलू अनुसंधान संस्थान द्वारा आलू की 70 से अधिक किस्में विकसित करने और वायरस मुक्त बीज आलू के उत्पादन की भी सराहना की। राज्यपाल ने इस मौके पर संस्थान के उत्कृष्ट कर्मियों और वैज्ञानिकों को पुरस्कृत भी किया।

सदभावना दिवस

पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रतन स्वर्गीय राजीव गांधी को आज उनकी 80वीं जयंती के मौके पर प्रदेशवासियों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य समारोह राजधानी में छोटा शिमला स्थित राजीव चौक पर हुआ जहां मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने इस मौके पर प्रदेश सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को सदभावना दिवस की शपथ भी दिलाई। आज का दिन सदभावना दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता हैं।

प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान उन्होंने समाज की सोच बदलने के लिए अनेक दूरदर्शी निर्णय लिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी के दूरदर्शी निर्णयों के फलस्वरूप आज भारत सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी देश बनकर उभरा है। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, शिमला के महापौर सुरेन्द्र चौहान और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर भी सदभावना दिवस का आयोजन किया गया और कर्मचारियों तथा अधिकारियों को सदभावना दिवस की शपथ दिलाई गई।

तबादले

प्रदेश सरकार ने आज 7 आई.ए.एस. अधिकारियों के तबादले और नियुक्तियां की है। राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा को तबदील कर सचिव ग्रामीण विकास व पंचायती राज लगाया गया है। वह सचिव लोकायुक्त और सचिव मानव अधिकार आयोग के पद का अतिरिक्त कार्यभार भी संभालेंगे। केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे के.के.पंत को सरकार ने अतिरिक्त मुख्य सचिव वन के रूप में तैनाती दी है। वह वितायुक्त अपील का अतिरिक्त कार्यभार भी देखेंगे। अभिषेक जैन को सरकार ने सचिव डिजिटल टैक्नॉलोजी एण्ड गर्वनेंस और पी. डब्लयू.डी. लगाया है। स्वास्थ्य सचिव एम.सुधा देवी को सरकार ने सचिव कार्मिक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। नियुक्ति का इंतजार कर रही आई.ए. एस. अधिकारी प्रियंका वासु को सरकार ने सचिव खेल, श्रम व रोजगार, प्रिटिंग व स्टेशनरी व मत्स्य पालन लगाया है। मुख्यमंत्री के सचिव व शिक्षा सचिव राकेश कंवर को सरकार ने सचिव एम.पी.पी. एण्ड पॉवर और एन.सी.ई.एस. का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। निदेशक भू रिकार्ड चन्द्र प्रकाश वर्मा को सरकार ने राज्यपाल के सचिव के रूप में नियुक्ति दी है।

संगीत सभा

आकाशवाणी शिमला द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 22 अगस्त को लोक संगीत सभा का आयोजन किया जाएगा। ये लोक संगीत सभा शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में दोपहर बाद 3 बजे से आयोजित की जाएगी।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है। बीते 24 घंटों के दौरान राज्य में अधिकांश स्थानों पर व्यापक से भारी वर्षा हुई है। इससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। इस दौरान बैजनाथ में सर्वाधिक एक सौ 10 मण्डी में एक सौ 3, नगरोटा सूरियां में 80, नैनादेवी में 72, सेउबाग में 52, सुंदरनगर में 51, कांगड़ा में 49 और गुलेर में 42 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस बीच मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश में मॉनसून के पूरी तरह सक्रिय बने रहने की सम्भावना जताई है। विभाग ने आज राज्य के 5 जिलों बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मण्डी और सिरमौर में अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 21 अगस्त को सुबह साढ़े 11 बजे तक राज्य के 8 जिलों बिलासपुर, चम्बा, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मण्डी, शिमला और सिरमौर में फ्लैश फ्लड की चेतावनी भी जारी की है। प्रदेश में मॉनसून के सक्रिय बने रहने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य बना हुआ है।

———————————